तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 24 सितंबर 2025



12 सेवा पखवाड़ा जनसेवा के प्रति भाजपा की संस्कृति का...



12 सपन मंडावी के घर रोशन हुआ 'पीएम सूर्यघर ...



B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793,9340311314
9303893829,9300850065

# स्वच्छता ही सेवा अभियान में महापौर ने बच्चों को दिलाई शपथ

## भगत सिंह स्कूल में गीला व सूखा कचरा अलग करने की दी गई सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

रजत जयंती वर्ष एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत भगत सिंह स्कूल में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर निगम द्वारा परिसर में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर महापौर संजय पांडे ने विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक प्रशासनिक अभियान नहीं, बल्कि यह समाज की साझा जिम्मेदारी है। हमें अपने घर, गली, मोहल्ले और विद्यालय को सदैव स्वच्छ रखने का संकल्प लेना चाहिए। गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण करके उन्हें अलग-अलग डस्टबिन में डालें, जिससे उसका उचित प्रबंधन हो सके।






उन्होंने कहा विद्यार्थियों में बचपन से ही स्वच्छता की आदतें विकसित करना आवश्यक है। शिक्षकगण इस दिशा में बच्चों को प्रेरित करें और उन्हें स्वच्छता के संस्कार प्रदान करें। कार्यक्रम में परिसर की साफ-सफाई तथा पौधारोपण कर स्वच्छ एवं हरित वातावरण का संदेश दिया गया। इस मौके पर एमआईसी सदस्य राणा घोष, नगर निगम के अधिकारीगण, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

## बस्तर दशहरा : सदियों पुरानी परंपरा जोगी बिठाई रस्म सम्पन्न

# रघुनाथ नाग जोगी बनकर नौ दिन की कठोर तपस्या पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- चारों तरफ लगाया गया कपड़ा, लोग पहुंचेंगे दर्शन करने

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व की शुरूआत के साथ सदियों पुरानी और अनूठी परंपरा जोगी बिठाई सम्पन्न हो गई। बड़े आमाबाल के रघुनाथ नाग जोगी बनकर नौ दिन की कठोर तपस्या पर बैठे। मंगलवार को सिरहासार में आयोजित जोगी बिठाई रस्म के अवसर पर विधायक किरण देव, बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष बलराम मांझी, महापौर संजय पाण्डेय, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन सहित मांझी, चालकी, नाइक, पाइक, मेंबर, मेंबरिन तथा जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

यह रस्म बस्तर दशहरा को बिना किसी बाधा के शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से निभाई जाती है। इस वर्ष भी हल्बा समुदाय का एक युवक नौ दिनों के उपवास और योग की मुद्रा में जगदलपुर के



सिरहासार भवन में बैठ गया है। लगभग 600 सालों से यह परंपरा निभाई जा रही है। जोगी पितृमोक्ष अमावस्या के दिन सिरहासार भवन पहुंचता है और दशहरा की शुरूआत से लेकर नौ दिनों तक उपवास पर रहता है। इस दौरान वह केवल फल और दूध का सेवन करता है। इस तपस्या का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बस्तर दशहरा का भव्य आयोजन बिना किसी विघ्न के सफलतापूर्वक पूरा हो।

जोगी को नए वस्त्र पहनाए जाते हैं और मावली माता मंदिर ले जाया जाता है जहां तलवार की पूजा होती है। पूजा के बाद जोगी तलवार लेकर सिरहासार भवन लौटता है और एक कुंड में योगासन की मुद्रा में बैठ जाता है।



### जोगी दर्शन के लिए पहुंचते हैं लोग

9 दिन तक एक गड्ढे में कठोर तपस्या में बैठे जोगी को देखने और आर्शीवाद लेने बड़ी संख्या में लोग सिरहासार पहुंचते है। इस दौरान उसे बुरी नजर से बचाने के लिए चारों ओर कपड़े का पर्दा लगाया जाता है। नौ दिनों तक जोगी इसी अवस्था में रहकर बस्तर की शांति के लिए तपस्या करता है।

# चचेरे भाई पर बंडा से जानलेवा हमला, आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- पुराने विवाद को लेकर किया हमला कुछ ही घंटे में गिरफ्तार
- आरोपी न्यायालय में पेश, भेजा गया न्यायिक रिमाण्ड पर

पुराने विवाद को लेकर बंडा से अपने ही चचेरे भाई के उपर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को बोधघाट पुलिस ने कुछ ही घंटे में गिरफ्तार करने में सफल रही। एसपी शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में बंडा समेत आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

एएसपी माहेश्वर नाग ने बताया कि मामले में आरोपी बलराज बघेल 27 वर्ष निवासी संजय गाँधी वार्ड को गिरफ्तार किया गया है। घटना की सूचना पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। थाना बोधघाट में प्राथीर्या प्रिया बघेल निवासी संजयगाँधी वार्ड ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके चाचा ससुर का लड़का बलराज बघेल दिनांक 21 सितम्बर की सुबह लगभग 8 बजे जमीन विवाद को लेकर उसके



पति किशन बघेल के सिर में धारदार हथियार बंडा से जानलेवा हमला किया है जिससे प्राथीर्या के सिर में गंभीर चोट आया और वह बेहोश हो गया। इसके बाद उसे तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार जारी है। रिपोर्ट पर टीम द्वारा आरोपी का पतासाजी कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तो आरोपी बलराज बघेल के द्वारा घटना कारित करना कबूल किया उसके कब्जे से धारदार हथियार बंडा बरामद कर जब्त कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

**इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका**

त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई ललित सिंह नाग, लोकेश्वर नाग, प्रधान आरक्षक मयाराम कश्यप, आरक्षक होरीलाल आर्मो व कामदेव दर्रो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### इलेक्ट्रिशन, प्लम्बर और अन्य विधाओं का मिला प्रशिक्षण



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर एवं सेवा पखवाड़ा अंतर्गत बस्तर जिले के नव युवाओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जगदलपुर के द्वारा 23 सितंबर को एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन लाइवलीहुड कॉलेज आड़ावाल में किया गया। शिविर में लाइवलीहुड में प्रशिक्षणरत विभिन्न व्यवसायों इलेक्ट्रिशन, प्लम्बर व अन्य प्रशिक्षणार्थियों को उद्योग विभाग के मुख्य महाप्रबंधक बिलुंग के मार्गदर्शन एवं सहायक प्रबंधक प्रफुल्ल कुमार लाखन के द्वारा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही नवीन उद्यम स्थापित करने हेतु प्रेरित किया गया। लाइवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य सुहास पटेल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### रामू नेताम बने जिला जनपद संघ के अध्यक्ष



**दंतेवाड़ा।** जिला के दंतेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा, कटेकल्याण जनपद के सदस्यों ने जिला मुख्यालय में बैठक कर अपने सुझावों ⏭ शेष पेज 12 पर

# जीएसटी राहत पर जश्न विधायक का अभिनंदन





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- लड्डू बांटकर मनाई खुशी पीएम मोदी के फैसले पर गूंजा गोलबाजार चौक

गोलबाजार चौक में मंगलवार शाम को शहर के व्यापारीगणों ने जीएसटी 2.0 दरों में कमी कर आमजनों को बड़ी राहत देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव का आतिशबाजी और मिठाई वितरण कर जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। विधायक एवं व्यापारीगणों ने गोलबाजार रोड स्थित दुकानदारों और आम नागरिकों को लड्डू खिलाकर खुशी साझा की। पूरा चौक ⏭ शेष पेज 12 पर

# अवकाश लेकर कृषि विभाग के अफसरों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- सभी जिला मुख्यालयों में काम बंद हड़ताल कर की गई मांग जल्द पूरा करे सरकार

कृषि विभाग में कार्यरत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं कृषि विकास अधिकारियों की 9 सूत्रीय लंबित मांगों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर 8 सितम्बर से चरणबद्ध आन्दोलन में काली पट्टी लगाकर कार्य निष्पादन किया गया। द्वितीय चरण में बिना संसाधन भत्ता के



ऑनलाईन कार्यों का निष्पादन बंद कर 15 सितम्बर को भोजन अवकाश के समय जिले के कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं तहसीलदार के माध्यम से लंबित मांगों की पूर्ति हेतु ज्ञापन सौंपा गया था। किन्तु आज पर्यन्त तक मांगें लंबित हैं। जिलाअध्यक्ष गिरीश कश्यप ने जानकारी दी कि 23 सितम्बर को आंदोलन के तृतीय चरण में ⏭ शेष पेज 12 पर

# 91 गांव हुए प्रभावित, 1200 से अधिक लोगों पर पड़ा असर, दो लोगों की मौत और 29 पुल-पुलिया बह गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

- जिले में बाढ़ आपदा प्रबंधन की समीक्षा करने पहुंची गृह मंत्रालय की टीम

जिले में बाढ़ आपदा और राहत प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए गृह मंत्रालय, नई दिल्ली से आई केंद्रीय टीम ने सोमवार को दंतेवाड़ा का दौरा किया। टीम का नेतृत्व राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त सचिव एसके राकेश कुमार ने किया। इस संबंध में जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सीईओ जयंत नाहटा ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से



जिले की भौगोलिक परिस्थितियों, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और राहत-पुनर्वास उपायों की विस्तृत जानकारी दी। सीईओ ने बताया कि शंकनी और डंकनी नदियों के प्रवाह तंत्र के कारण जिले के कई गांव हर वर्ष बाढ़ की चपेट में आते हैं। 26 अगस्त को हुई 93.7 मिमी भारी वर्षा से अचानक आई बाढ़ ने दंतेवाड़ा सहित आसपास के इलाकों में तबाही मचाई। शाम पांच बजे के बाद दोनों नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ने से कई गांवों में पानी घुस गया और करीब सोलह घंटे तक स्थिति बनी रही। इस दौरान 91 गांव प्रभावित हुए, 1200 से अधिक लोगों पर असर पड़ा, दो लोगों की मौत हुई ⏭ शेष पेज 12 पर

## उपनेता प्रतिपक्ष सहित कांग्रेस पार्षददल ने संभाग आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

# मल्टीलेवल पार्किंग भूमि का आवंटन आम जनता के हित में नहीं: कोमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर पालिका निगम में कांग्रेस की उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना सहित कांग्रेस पार्षददल ने भाजपा शासित नगर सरकार द्वारा समाज विशेष को भूमि आबंटन के निर्णय के विरोध में संभाग आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

उपनेता प्रतिपक्ष ने कहा प्रतापगंज पारा में स्थित शासकीय भूमि शीट नंबर 78 प्लॉट नंबर 108 शासकीय मद में राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज भूमि है । वर्तमान में मेन रोड में भारी परिवहन, बढ़ते व्यवसाय को देखते हुए व्यक्ति , व्यापारीगण अपनी वाहन वहां पार्किंग कर अपना व्यवसाय व आम जनता अपनी खरीददारी करते है। शहर के हदय स्थल में बढ़ती आवाजाही एवं व्यवसाय को देखते हुए मेन रोड सिमटता नजर आ रहा है । जहां पर



किसी भी दुकान के सामने पार्किंग की व्यवस्था ना होने से वाहन खड़ी कर सामान खरीदी करने में जनता को परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है । नगर निगम सर्वमान्य हितकारी निर्णय ले। भाजपा पार्षद दल, एमआईसी मेंम्बर एवं महापौर के विकास विरोधी जनता विरोधी निर्णय का समर्थन कर रहे है। हस्ताक्षरीत ज्ञापन के माध्यम से अपना अभीमत जनता के हित में देते है कि शहर के हृदय स्थल में स्थित शासकीय भूमि को जनता के हित में माल्टीलेवल पार्किंग के लिए आवंटित किया जाए।

### उग्र आंदोलन करेंगे

प्रभारी महामंत्री व पार्षद जाहिद हुसैन ने कहा भूमि को जनता हित के लिए आबंटित नहीं करने पर शहर व सदन तक की लडाई लड़कर विरोध दर्ज करेंगे। अगर हमारी मांग पूरी नहीं होती है तो आने वाले समय में कांग्रेस पार्षद दल उग्र आंदोलन हेतु बाध्य होगा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान पार्षद सूयार्पानी, गौतम पाणिग्रही, अफरोज बेगम,रंगा राव, कैलाश नाग, जस्टिन भवानी, लोकेश चौधरी,रविशंकर तिवारी, ललिता राव,आभाष महंती, संदीप दास, तरनजीत सिंह, अंकित सिंह,उस्मान रजा मौजूद रहे।

# 20 छात्राओं ने जाना मसाला बेकरी, बांस से सामान बनाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- महिला पॉलिटेक्निक के प्रशिक्षणार्थियों ने औद्योगिक क्षेत्रों का किया भ्रमण

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जगदलपुर के द्वारा महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज जगदलपुर के चार ट्रेडों में चिन्हांकित 20 महिला प्रशिक्षणार्थियों को औद्योगिक क्षेत्रों का विजिट कराया गया। जिसमें मसाला उद्योग, बेकरी उत्पाद एवं बांस कला केंद्र से संबंधित उद्योगों की जानकारियां प्राप्त की व उद्योग से संबंधित उनकी शंकाओं को उद्योगपतियों ने दूर किया। साथ ही इन प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मुख्य महाप्रबंधक अजीत सुन्दर बिलुंग, सहायक प्रबंधक प्रफुल्ल कुमार लाखन, उद्योग विभाग के अन्य अधिकारी और पॉलीटेक्निक के प्रशिक्षक विपिन मिश्रा मौजूद थे।

# नारायणपुर में एच3 एन2 फ्लू की आहट, मास्क पहनें और भीड़ से बचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिला में एच3एन2 इन्फ्लुएंजा वायरस के संभावित प्रकोप की आशंका बढ़ रही है। जिला अस्पताल नारायणपुर के ओपीडी और इमरजेंसी विभाग में प्रतिदिन करीब 40 से 50 मरीज एक जैसे लक्षणों के साथ पहुँच रहे हैं। इन लक्षणों में लगातार बुखार, खाँसी, गले में खराश, सिरदर्द, बदन दर्द, ठंड लगना और कमजोरी प्रमुख रूप से सामने आ रहे हैं।

अलग खबर

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, इस वायरस का संक्रमण सबसे पहले दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में देखा गया था।

अब इसकी चपेट में लगभग 50% भारतीय आबादी विभिन्न रूपों में आ चुकी है। नारायणपुर जैसे आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मरीजों का एक जैसे लक्षणों के साथ सामने आना इस बात का संकेत है कि यह वायरस यहाँ भी धीरे-धीरे फैल रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि एच3एन2 फ्लू मुख्य रूप से खाँसी और छींक के जरिए निकलने वाली बूंदों से फैलता है। बुजुर्ग, बच्चे, गर्भवती महिलाएँ और कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग इसके संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील हैं।

## जिला अस्पताल में बढ़ रही मरीजों की संख्या.

### विशेषज्ञों की राय

भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनें। बार-बार हाथ धोएँ या सैनिटाइज़र का उपयोग करें। खाँसते या छींकते समय रूमाल या टिशू का प्रयोग करें। फ्लू जैसे लक्षण होने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें। पर्याप्त नींद लें और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला संतुलित आहार करें। लक्षण दिखने पर स्वयं दवा लेने से बचें।



### प्रशासन की अपील

जिला स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे घबराएँ नहीं बल्कि सतर्क रहें। समय पर इलाज और आवश्यक सावधानियों से इस संक्रमण पर नियंत्रण संभव है।

## खबर संक्षेप

### 15 बाइकर पकड़े गए मोडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न बरामद



**कोण्डागांव**। त्यौहारी सीजन को देखते हुए सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कोण्डागांव पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। मोटरसाइकिल में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर फर्राटेदार रफ्तार से चलाने वाले बाइकरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमारके निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में थाना कोण्डागांव एवं यातायात थाना की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 15 बाइकरों को पकड़ा। इनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की गई। कार्रवाई के दौरान बाइकों में लगे मोडिफाईड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न जब्त कर निकलवाए गए। साथ ही बाइकरों के परिजनों को थाना बुलाकर भविष्य में ऐसी हरकत न करने की सख्त समझाइश दी गई। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सड़क पर अनावश्यक तेज रफ्तार और शोरगुल करने वाले बाइकरों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और आम नागरिक सुरक्षित रहें।

### आपदा प्रबंधन की तैयारी के लिए मॉकड्रिल 25 को

**कोण्डागांव**। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार और छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से, कोण्डागांव में 25 सितंबर को एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। यह ड्रिल आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने और जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से की जा रही है। कोण्डागांव यहाँ बाढ़ जैसी स्थिति का अभ्यास किया जाएगा।

## आयोजन: भाजपा का सेवा भाव आज हर वर्ग को जोड़ रहा है, और यही लोकतंत्र की ताकत

# सेवा पखवाड़ा जनसेवा के प्रति भाजपा की संस्कृति का प्रतीक : विक्रम उसेंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर



सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, नारायणपुर में प्रबुद्धजन सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिले के प्रबुद्ध नागरिकों, व्यापारीगणों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों व भाजपा कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी, तथा सहवक्ता भाजपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य गौतम एस. गोलछा उपस्थित रहे।

विक्रम उसेंडी ने कहा सेवा पखवाड़ा भाजपा की कार्यसंस्कृति और जनसेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जब देश को सकारात्मक सोच और विकास की राजनीति की ज़रूरत है, भाजपा सेवा के माध्यम से जनमानस से जुड़ रही है। हर कार्यकर्ता का कर्तव्य है कि वह इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाए। गौतम एस. गोलछा ने कहा प्रबुद्धजन समाज की रीढ़ हैं। भाजपा का सेवा भाव आज हर वर्ग को जोड़ रहा है, और यही लोकतंत्र की ताकत है। भाजपा जिलाध्यक्ष संध्या पवार ने कहा भाजपा का हर कार्यक्रम जनसेवा को समर्पित होता है। प्रबुद्ध वर्ग की सहभागिता संगठन को और अधिक सशक्त बनाती है। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला संयोजक संतनाथ उसेंडी ने भी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा अभियान, भाजपा की नीति और नीयत दोनों को दर्शाता है। हमारा लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों में अध्यक्ष, जिला पंचायत नारायण मरकाम,अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद इंद्र प्रसाद बघेल,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रूपसाय सलाम,भाजपा नेता बृजमोहन देवांगन,भाजपा जिला महामंत्री संजय नंदी विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन संदीप कुमार झा ने किया एवं आभार प्रदर्शन सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के सह संयोजक शांतु दुग्गा ने किया।

# जिले को मिली दो महतारी सदनों की सौगात, मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- राज्यभर में 51 महतारी सदनों का शुभारंभ
- महिला सशक्तिकरण की ओर बड़ा कदम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने धमतरी जिले के मगरलोड विकासखंड के ग्राम करेली बड़ी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पूरे प्रदेश के 51 महतारी सदनों का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित रहे। जिले के केशकाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम जामगांव और ग्राम बहीगांव में निर्मित महतारी सदन भवन का लोकार्पण भी इस अवसर पर हुआ। जामगांव में स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में फीता काटकर भवन का शुभारंभ किया गया।

जामगांव में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदनी पोटाई और अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। सभी ने महिलाओं के लिए इस पहल को ऐतिहासिक कदम बताया। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने उपस्थित महिलाओं से संवाद कर शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी और उन्हें लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महिलाओं से कहा कि अपनी बच्चियों का सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खुलवाएं, श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने हेतु पंजीयन कराएं और लघु खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ स्थापित करें।

**नवरात्रि पर मिला विशेष उपहार** – पूर्व विधायक सेवक राम नेताम ने कहा कि नवरात्रि के शुभ अवसर पर महतारी सदन का शुभारंभ नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नारी सशक्त होने से ही समाज और राष्ट्र सशक्त होगा। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदनी पोटाई ने भी महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# रायपुर और बिलासपुर के खिलाड़ियों का रहा दबदबा, 235 प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कनेरा रोड में 19 से 21 सितंबर तक द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप का सफल आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. राजाराम त्रिपाठी, अनिल यादव, मोहम्मद यासीन, मोहन कोटडिया, मोहम्मद शकील सिद्दीकी और नंदकिशोर वासनिक की उपस्थिति में हुआ। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से आए 235 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खेलों में बालक, बालिका 11, 13, 15, 17, 19 वर्ष वर्ग तथा पुरुष व महिला वरिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिताएँ शामिल रहीं। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक लता उसेंडी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा, अध्यक्षता आर.के. जैन, तथा विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु सैंडी, भाजपा जिला अध्यक्ष सेवक राम नेताम, पार्षद मनीष श्रीवास्तव, सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के संचालन एवं प्रयोजन में मोहम्मद यासीन, अनिल यादव, विजय लाल कोटडिया, अजय देवगन, बिज्जू गोलछा, कुणाल चोपड़ा, राजेंद्र गोलछा, नितेश सुराना सहित अनेक गणमान्य लोगों का योगदान रहा। विशेष आभार कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक अक्षय कुमार, खेल विभाग, स्वास्थ्य विभाग और छत्तीसगढ़ राज्य टेबल टेनिस संघ का जताया गया।

**ये रहे विजेता**–बालक 19 वर्ष एंट्री विलियम्स रायपुर विजेता, अर्जुन मल्होत्र रायपुर उपविजेता। बालिका 19 वर्ष समय पांडे रायपुर विजेता, लावण्या पांडे रायपुर उपविजेता। बालक 15 वर्ष आर्यन कुमार सिंह रायपुर विजेता, दीक्षांत जांगड़ा बिलासपुर उपविजेता। बालिका 15 वर्षरू समय पांडे रायपुर विजेता, लावण्या पांडे रायपुर उपविजेता। सीनियर महिला सुष्मिता रायपुर विजेता, समय पांडे रायपुर उपविजेता। सीनियर पुरुष अर्जुन मल्होत्र रायपुर विजेता, राजीव साहू रायपुर उपविजेता। 11 वर्ष बालक नीरव तिवारी रायपुर विजेता, शिवाय मैधानी बिलासपुर उपविजेता। 11 वर्ष बालिका इसी मिश्रा रायपुर विजेता, करुणा बंजारे बिलासपुर उपविजेता। 17 वर्ष बालक अर्जुन मल्होत्र रायपुर विजेता, दीक्षांत जांगड़े बिलासपुर उपविजेता। 17 वर्ष बालिकारू समय पांडे रायपुर विजेता, सिया मेघानी उपविजेता। 13 वर्ष बालक राजदीप गांगुली बिलासपुर विजेता, शिखर बागड़े दुर्ग उपविजेता। 13 वर्ष बालिका समयौ विजेता, अक्षिता बिनु बिलासपुर उपविजेता रहीं।



# अंजुमन इस्लामिया कमेटी में मुतवल्ली चुनाव की प्रक्रिया शुरू

- 6 अक्टूबर को होगा मतदान, नामांकन 25 सितंबर तक

**कोण्डागांव**। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोंडागांव कार्यालय में 22 सितंबर 2025 को प्रातः 11:00 बजे अंजुमन इस्लामिया कमेटी कोंडागांव एवं मुस्लिम समाज के वरिष्ठ नागरिकों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी मुतवल्ली पद के चुनाव को लेकर निर्वाचन मार्गदर्शिका 2022 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि नामांकन पत्र भरने की तिथि 22 से 25 सितंबर 2025 तक निर्धारित है। नामांकन के साथ आवश्यक दस्तावेज़ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

चुनाव समिति ने स्पष्ट किया कि मतदान की तिथि 6 अक्टूबर 2025 तय की गई है। समय सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक। मतदाताओं को वोट डालने के लिए वोटर आईडी कार्ड अथवा भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त 11 प्रकार के पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। बैठक में एसडीओ राजस्व कोंडागांव, नायब तहसीलदार कोंडागांव, चुनाव समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इसके अलावा मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिक मोहम्मद उमर हुसैन, शकूर खान, सैयद आशिक, शेख सादीक, मोहम्मद शाहिद, इसरार अहमद, आदिल खान, शेख साबिर, इरशाद खान, असलम मंसूरी, सैयद शफीक, इमरान मेमन, अब्दुल गफ्फार और हमीद खान भी उपस्थित रहे।

# तकनीकी वेतनमान और पदोन्नति सहित 7 सूत्रीय मांगों को लेकर कृषि अधिकारियों ने किया सांकेतिक प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रांतीय छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के आव्हान पर जिला कोंडागांव इकाई ने एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन रैली निकाली। इसके बाद अधिकारियों ने मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम जिला कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा।

जिसमें उनकी मांग है कि तकनीकी वेतनमान 4300 ग्रेड पे लागू किया जाए। ग्रामीण कृषि अधिकारियों और कृषि विकास अधिकारियों के कार्यक्षेत्र का पुनर्निर्धारण किया जाए। मासिक स्थायी भत्ता 2500 रुपए किया जाए। संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार क्षेत्र के लिए सम्मानजनक अतिरिक्त क्षेत्र भत्ता मिले। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी का पदनाम बदलकर कृषि विस्तार अधिकारी किया जाए मध्यप्रदेश शासन की तर्ज पर। गैर विभागीय कार्यों में ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। लंबित पदोन्नति प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की जाए। कृषि अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आगे जिला और राज्य स्तर पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा।



### जिलेभर से जुटे कृषि अधिकारी

*ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष संतू राम सोरी के नेतृत्व और संरक्षक सूर्यकांत नागेश व शेषमणि पांडेय कृषि विकास अधिकारी की मौजूदगी रही। लोकेश्वर प्रसाद ध्रुव आरएचईओ उघानीकी, उपाध्यक्ष लकेश सेठिया, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनीषा नेताम, उपाध्यक्ष माया रानी कुंजाम, पूनम सोनवानी, लच्छीन मौर्य, कोषाध्यक्ष वरुण विकास सोनवानी, सचिव सहित जिले के सभी ब्लॉकों से बड़ी संख्या में पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। जिले के पांचों ब्लॉकों से अध्यक्ष व पदाधिकारी शामिल हुए संतोष कुमार ठाकुर, मनोज कुमार नेताम, कन्हैयालाल जैन फरसगांव मेघनाथ साहू, नवल मरकाम केशकाल तेजलाल यादव माकड़ी खोमेश्वर साहू कोंडागांव जगदीश नाग बड़ेराजपुर साथ ही आशिष नेताम, सुरेंद्र उसेंडी, दिनेश कुमार नाग सहित सैकड़ों कृषि अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।*

## शामपुर के आदिवासी किसान ने छत पर लगाया सोलर प्लांट, बिजली बिल हुआ शून्य

# सपन मंडावी के घर रोशन हुआ 'पीएम सूर्यघर योजना' का सपना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- सरकारी सब्सिडी से कम हुई लागत अतिरिक्त बिजली बेचकर बढ़ेगी आमदनी

कोण्डागांव जिले के माकड़ी विकासखंड के ग्राम शामपुर निवासी सपन राम मंडावी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने वाले लाभार्थियों में शामिल हुए हैं। इस योजना से अब ग्रामीण परिवार ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

सपन मंडावी ने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित कराया। अब उनके घर की सभी बिजली आवश्यकताएँ पूरी हो रही हैं। इतना ही नहीं, अतिरिक्त बिजली का उत्पादन भी हो रहा है, जिसे सीधे विद्युत ग्रिड में भेजा जा रहा है।

पहले हर महीने 400 से 500 रुपये तक का बिजली बिल आता था, लेकिन सोलर सिस्टम लगने के बाद उनका बिल पूरी तरह शून्य हो गया है। साथ ही अतिरिक्त बिजली बेचकर भविष्य में अतिरिक्त आय प्राप्त होने की संभावना है। इस योजना के अंतर्गत मंडावी को कुल 1 लाख 8 हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई। इसमें केंद्र सरकार से 78 हजार रुपये और राज्य सरकार से 30 हजार रुपये की सहायता शामिल है। इस मदद से संयंत्र लगाने की लागत में बड़ी राहत मिली। योजना के तहत 1 किलोवाट के संयंत्र पर 45 हजार रुपये, 2 किलोवाट के संयंत्र पर 60 हजार रुपये तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता वाले संयंत्र पर कुल 1 लाख 8 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। किसानों और ग्रामीणों के लिए ऋण सुविधा भी उपलब्ध है।

***ऑनलाइन पंजीयन से मिल रहा लाभ*** – *जिले में अब कई उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठाने आगे आ रहे हैं। इच्छुक उपभोक्ता विद्युत विभाग की मदद से या वेब पोर्टल और मोबाइल एप के माध्यम से पंजीयन कर आसानी से इसका लाभ ले सकते हैं।*

## पेज 11 के शेष

### जीएसटी राहत पर...

देशभक्ति और उत्साह के नारों से गूंज उठा एवं उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री का आभार जताया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे,अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, रूपसिंह मंडावी, रजनीश पानीग्राही, शशि रथ, विवेक जैन, प्रकाश झा, अनूप जैन, नीरज मिश्रा, अविनाश गौतम, राजेन्द्र बाजपेई, राजपाल कसेर सहित भाजपा पदाधिकारीगण और बड़ी संख्या में व्यापारीगण मौजूद रहे।

### अवकाश लेकर कृषि...

एक दिवसीय अवकाश लेकर जिला मुख्यालय में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक धरना प्रदर्शन कर जिला बस्तर के समस्त ग्रा.कृ.वि.अ. एवं कृ.वि.अ. शासन से अतिशीघ्र लंबित मांगों की पूर्ति करने की मांग किया।

### 91 गांव हुए ...

और 29 पुल-पुलिया बह गए। प्रशासन ने तत्काल 26 राहत शिविर संचालित किए जिनमें 1116 लोगों को रखा गया। वर्तमान में 12 शिविरों में 495 लोग रह रहे हैं। वहीं 558 मकानों की पूर्ण और 788 मकानों की आंशिक क्षति दर्ज की गई, जबकि 331 हेक्टेयर से अधिक फसल और 126 पशु भी प्रभावित हुए। बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित गांवों में बालपेट, बालूद, चितालंका, हारम, बांगापाल, फुण्डरी, बोदली, बड़े तुमनार, कारली, हितामेटा, नेउरनार और बड़े बचेली शामिल रहे। इसे देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत सामग्री प्रदान की गई, जिसमें आठ हजार वस्त्रों के सैट, 7583 पैकेट सूखा राशन तथा 3453 पैकेट अन्य खाद्य सामग्री बांटी गई। इसके अलावा आर्थिक सहायता के रूप में जिले के छह तहसीलों के 1597 हितग्राहियों को कुल 724 लाख रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की गई। बैठक में इसके अलावा जिला बीजापुर के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्यों की जानकारी कलेक्टर बीजापुर द्वारा दी गई। दौरान केंद्रीय के संयुक्त सचिव ने जिला प्रशासन की तैयारियों और राहत कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की ओर से आवश्यकतानुसार हर संभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से पुल-पुलियों के निर्माण, स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं, अस्थायी आवास और खाद्यान्न आपूर्ति पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

**क्षतिग्रस्त पुराने पुल का भी स्थल परीक्षण किया**- इसके पूर्व केंद्रीय टीम द्वारा मुख्यालय के अतिवर्षा प्रभावित क्षेत्र चितालंका बाईपास मार्ग, चूड़ी टिकरापारा, जीएडी कॉलोनी साइंस सेंटर, और शकनी नदी के क्षतिग्रस्त पुराने पुल का भी स्थल परीक्षण किया। टीम द्वारा अपने दौरे के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं गई और त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान बैठक में गृह मंत्रालय और एनडीएमए के अन्य अधिकारी सहित अपर कलेक्टर राजेश पात्रे और जिला प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।

### रामू नेताम बने ...

को साझा किया एवं समिति का गठन किया। सर्वसहमति से रामु नेताम को संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी में क्रमशः उपाध्यक्ष कुणाल ठाकुर (ज.पं. दंतेवाड़ा) पवन कर्मा(ज.पं. गीदम) , हीरालाल मरकाम (ज.पं. कुआकोंडा), छन्नु ताती (ज.पं. कटेकल्याण) सचिव श्री दिनेश कौशल, तीन सह सचिव- मनीषा कोर्राम, पुष्पांजलि नाग, श्रीमती अनीता लेकाम नियुक्त हुए। रमेश गावड़े कोषाध्यक्ष एवं कटेकल्याण के भीम सेन मंडावी को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। नवनियुक्त हुए जनपद संघ अध्यक्ष रामु नेताम ने कहा कि हम सभी 45 सदस्य एक होकर साथ रहेंगे एवं प्रत्येक सदस्यों की समस्या अपनी समस्या समझते हुए उसके निदान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस बैठक में दंतेवाड़ा जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, गीदम जनपद अध्यक्ष श्रीमती संकुतला भास्कर, कटेकल्याण जनपद अध्यक्ष हिड़मा कवासी समेत सभी जनपद के उपाध्यक्ष एवं सदस्य गण शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### बाढ़ आपदा टीम का दौरा



सुकमा। जिले में हाल ही में आई बाढ़ आपदा के बाद राहत एवं बचाव कार्यों की स्थिति का जायजा लेने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के संयुक्त सचिव एस. राकेश कुमार गृह मंत्रालय नई दिल्ली अपनी टीम के साथ सोमवार को सुकमा पहुंचे। टीम ने कुन्ना-मिचवार और झापरा पुलिस कैम्प सहित बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया और जिला प्रशासन, पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा किए जा रहे त्वरित प्रबंधन और बेहतर इंतजामों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान संयुक्त सचिव कुमार ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों तक समय पर राहत सामग्री पहुंचे। उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएं, अस्थायी आवास और खाद्यान्न आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने पर बल दिया। टीम ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएँ जानीं और प्रशासनिक स्तर पर उनके निराकरण का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर सहित जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### संकुल शैक्षिक समन्वयकों ने सौंपा ज्ञापन



भोण्ड। बस्तर विकासखंड के संकुल शैक्षिक समन्वयकों ने विखं स्तरीय बैठक के पश्चात एक पांच बिंदुओं का मांग पत्र बीईओ एवं बीआरसी बस्तर को सौंपा। यह ज्ञापन शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के आलोक में तैयार किया गया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि सप्ताह के चार दिन समन्वयक मूल शालाओं में अध्यापन कार्य करें एवं दो दिन संकुल स्तरीय कार्य जैसे मॉनिटरिंग, रिपोर्टिंग, डाक एवं विभागीय सूचनाओं का क्रियान्वयन करें। समन्वयकों ने स्पष्ट किया कि अध्यापन दिवसों में कोई अतिरिक्त संकुल कार्य न सौंपा जाए, जिससे शैक्षिक गुणवत्ता में कोई बाधा न आए। उनकी प्रमुख मांगे सप्ताह में 4 दिन मूल शाला में अध्यापन कार्य, सप्ताह में 2 दिन संकुल स्तरीय कार्यों के लिए निर्धारित किया जाए। अध्यापन के दिनों में अन्य प्रशासनिक कार्यों से मुक्त रखा जाए।

# लोहण्डीगुड़ा में महतारी सदन का लोकार्पण, सीएम ने किया वर्चुअल उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



लोहण्डीगुड़ा ग्राम पंचायत ऊसरीबेड़ा में मंगलवार को एक ऐतिहासिक अवसर पर महतारी सदन का लोकार्पण संपन्न हुआ। इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा धमतरी से टेलीविजन माध्यम के जरिए किया गया। इस लोकार्पण समारोह में चित्रकोट विधायक एवं मुख्य अतिथि विनायक गोयल ने उपस्थित सभी महतारी दीदियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

■ राज्य सरकार मातृशक्ति के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए कटिबद्ध : गोयल

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मातृशक्ति के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए कटिबद्ध है और यह महतारी सदन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। महतारी सदन का उद्देश्य ग्राम स्तर पर महिलाओं को एकजुट कर उन्हें जागरूकता, प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं स्वरोजगार से जोड़ना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सके। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान कश्यप, निर्देश दीवान तथा शकुन्तला कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष पदमा कश्यप, उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, मंडल अध्यक्ष मंगतू कश्यप, अध्यक्ष नरसिंग ठाकुर, नारायण सिंह ठाकुर, रैतुराम बघेल, लक्ष्मीनिवास पांडे, रंजीता जोशी, बुटकी कश्यप, विनय मौर्य, शिवनंदन पेगड़, धनीराम, चंद्रशेखर ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, भरत कश्यप, मधु बघेल, कलम सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन जिला पंचायत सीईओ एवं जनपद पंचायत सीईओ सहित पंचायत व प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

# चिंगपाल के महतारी सदन का सीएम ने किया वर्जुअल लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज : दरभा



बस्तर जिले में दरभा विकासखंड के चिंगपाल, जगदलपुर विकासखंड के परपा और लोहंडीगुड़ा विकासखंड के उसरी बेड़ा के महतारी सदन का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्जुअल लोकार्पण किया।

चिंगपाल कार्यक्रम में विधायक किरण सिंह देव ने भवन का फीता काटकर और शिलान्यास का अनावरण कर उद्घाटन किया। भवन का निर्माण 29 लाख की लागत से किया गया है। इस अवसर पर चिंगपाल की चंचला बघेल ने मुख्यमंत्री से संवाद कर भवन के लिए आभार व्यक्त की।

■ विधायक ने भवन का फीता काटकर किया उद्घाटन

इस अवसर पर विधायक ने हल्बी बोली में संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत के महिलाओं को बधाई दी और कहा कि देश की आधी आबादी को प्रतिनिधित्व करने वाली मातृ शक्ति के लिए सरकार ने महतारी सदन का निर्माण किया है। जिसमें महिलाएं अपने कार्यक्रम का आयोजन इस सदन में कर सकती हैं। इसके साथ ही सदन की साफ सफाई की व्यवस्था भी करनी होगी। सरकार 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा, कर्मयोगी अभियान, स्वस्थ नारी- सशक्त परिवार, स्वच्छता पखवाड़ा जैसे कार्यक्रम संचालित कर रही जिसमें सभी शासकीय योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने नारी शक्ति के लिए महतारी वंदन योजना का संचालित कर आर्थिक सहयोग भी दे रही है। जिले में विकास को गति देने के दूरस्थ क्षेत्रों में योजनाओं को पहुंचाई जा रही है।

नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, दरभा जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकदई कश्यप, सरपंच चिंगपाल जयराम बघेल ने संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जनपद पंचायत दरभा के सीईओ बीरेंद्र बहादुर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### महिला स्व सहायता समूहों को आर्थिक सहायता

कार्यक्रम में महिला स्व सहायता समूहों को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता के तहत चेक का वितरण किया गया। जिसमें खुशबू स्व सहायता समूह को 8 लाख का बैंक लोन, दो महिला स्व सहायता समूह को 60 एवं 15 हजार का अनुदान दिया गया। साथ ही एक महिला को एक लाख का ऋण सुविधा दी गई। इसके अलावा लखपति दीदी योजना के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र दिया गया।

### दुर्गा प्रतिमा को मंडप तक ले जाने निकाली भव्य झांकी



भोपालपटनम। नवरात्रि पर्व के अवसर पर भोपालपटनम नगर में दुर्गा प्रतिमा को मंडप तक ले जाने हेतु भव्य झांकी निकाली गई। नगर सहित आसपास के गांवों के श्रद्धालु अपनी-अपनी दुर्गा प्रतिमा को ढोल-नगाड़ों की गूंज और भक्ति गीतों के साथ नाचते-गाते हुए लेकर पहुंचे। तीमेड़ ग्राम पंचायत की दुर्गा समिति द्वारा निकाले गए ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। माता दुर्गा की जयकारों से गूंजता माहौल श्रद्धालुओं के उत्साह और आस्था का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष निवास मुदलियार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुलैया, टी. गोवर्धन राव सहित सरपंच, ग्रामीणजन और दुर्गा समिति के सैकड़ों भक्तों ने सहभागिता कर माता की आराधना में अपनी आस्था प्रकट की।

# मणिपुर हमले में शहीद बस्तर के सपूत को विधायक ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

मणिपुर में उग्रवादियों द्वारा किए गए कायरतापूर्ण हमले में असम राइफल्स के वीर जवान एवं बस्तर की धरती के गौरव राइफलमैन रंजीत कश्यप मातृभूमि की रक्षा करते हुए शहीद हो गए। उनके गृहग्राम बालेंगा पहुंचकर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की।

■ यह बलिदान केवल परिवार की ही नहीं, बस्तर और देश की अपूरणीय क्षति है

इस अवसर पर बस्तर विधायक बघेल ने कहा कि रंजीत भाई का यह सर्वोच्च बलिदान केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे बस्तर और देश की अपूरणीय क्षति है ऐसे वीर जवानों की शहादत हमें सदैव यह प्रेरणा देती है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है।

बघेल नें ईश्वर से प्रार्थना कर शहीद आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति दें। बस्तर की धरती अपने इस वीर सपूत को सदैव स्मरण रखेगी और उनकी शहादत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी।

# उप मुख्यमंत्री बाढ़ प्रभावितों को देंगे 5 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विभाग के मंत्री अरुण साव कल नवरात्री के प्रथम दिन दंतेवाड़ा पहुंचे और माँ दंतेश्वरी के दर्शन कर पूजा अर्चना किया, उप मुख्यमंत्री के साथ प्रभारी मंत्री केदार कश्यप भी दंतेवाड़ा पहुंचे । उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बाढ़ से प्रभावित हुए दंतेवाड़ा पालिका परिसर के जीर्णोद्धार कार्य एवं विभिन्न वार्डो के सड़क,नाली,पूल तथा पेय जल फिल्टर प्लांट के मरम्मत कार्य हेतु 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की।





नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता एवं उपाध्यक्ष कैलाश गुप्त मिश्र ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव नगरपालिका क्षेत्र की जनता के ओर से आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष पायल एवं उपाध्यक्ष कैलाश ने नवरात्री के पावन पर्व की क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। अध्यक्ष पायल गुप्ता ने कहा की हाल ही में दंतेवाड़ा में हुई मूसलधार वर्षा के कारण नगर पालिका क्षेत्र को भीषण बाढ़ का सामना करना पड़ा, जिससे व्यापक स्तर पर हानि और आधारभूत संरचनाओं को नुकसान पहुंचा। इस कठिन समय में दंतेवाड़ा को पुनः विकास की दिशा में अग्रसर करने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन और विकास विभाग मंत्री अरुण साव द्वारा दंतेवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र के पुनर्निर्माण एवं राहत कार्यों के लिए 5 करोड़ की राहत राशि की घोषणा की गई। यह सहायता राशि दंतेवाड़ा क्षेत्र के लिए बड़ी राहतकारी सिद्ध होगी। नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश गुप्त मिश्र ने कहा की इस महत्वपूर्ण घोषणा एवं दंतेवाड़ा के प्रति संवेदनशीलता के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का दंतेवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र की जनता के ओर से हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हु । दंतेवाड़ा नगर पालिका इस सहायता राशि का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर नगर के पुनर्वास, जल निकासी व्यवस्था, सड़क मरम्मत, एवं अन्य आवश्यक विकास कार्यों के लिए करेगी।

### सेंटरिंग प्लेट के व्यवसाय से जुड़कर महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर

बीजापुर। जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के तहत 4 ग्राम संगठनों के स्व-सहायता समूहों की 33 महिलाओं ने सेंटरिंग प्लेट का व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाए हैं। महिलाओं ने सेंटरिंग प्लेट तैयार कर उन्हें निर्माण कार्यों, विशेषकर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में किराए पर उपलब्ध कराया। इससे उन्हें नियमित आय का स्रोत मिला है और वे अब लखपति दीदी बनने की राह पर अग्रसर हैं। इस व्यवसाय से हीरापुर विकासखंड उसूर की रोशनी ग्राम संगठन की महिलाओं को 35,400 रुपये, बोरजे विकासखंड बीजापुर की सरोजनी ग्राम संगठन को 14,000 रुपये , चेरपल्ली विकासखंड भोपालपटनम की जय बुढ़ादेव ग्राम संगठन को 8,000 रुपये और ईतामपार विकासखंड भैरमगढ़ की माँ दन्तेश्वरी ग्राम संगठन को 36,000 रुपये की आय प्राप्त हुई है।

# विधायक ने किया ज्योति कलश भवन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम



विधायक चैतराम अटामी ने तपेश्वरी माता मंदिर समलूर में नव निर्मित ज्योति कलश भवन का उद्घाटन किया।

यह भवन नवरात्रि के पावन पर्व पर बनकर तैयार हुआ है, जिसे विधायक चैतराम अटामी ने 10 जनवरी को क्षेत्र भ्रमण के दौरान समलूर पहुंचने पर घोषणा किया था। समलूर ग्राम देवी और आस्था से जुड़ा हुआ है और तपेश्वरी माता के प्रति आस्था और श्रद्धा रखने वाले लोगों के लिए यह ज्योति कलश भवन एक महत्वपूर्ण स्थल होगा।

विधायक ने कहा कि यह भवन क्षेत्र के लोगों की आस्था और श्रद्धा को और मजबूत करेगा। विधायक ने अपनी घोषणा के अनुसार इस भवन का निर्माण करवाया, जो कि क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस दौरान अभिमन्यु सोनी, मण्डल महामंत्री लोकेन्द्र ठाकुर, सरपंच मोतीराम सोरी, मंदिर के प्रधान पुजारी परमानंद जिया, बलदेव कश्यप, लक्ष्मीनाथ पोडेयाम, रामराज ठाकुर एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्तगण व ग्रामवासी उपस्थित रहे और क्षेत्र के लोगों ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा कार्यालय में नमो पदयात्री सुविधा केंद्र का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर भाजपा कार्यालय चितालंका में नमो पदयात्री सेवा केंद्र का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने किया। नवरात्रि पर्व के पहले दिन नमो पदयात्री सेवा केंद्र का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ उद्घाटन किया गया। विधायक चैतराम अटामी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता की पहल से इस बार भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता नवरात्री पर्व के नव दिन बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शन करने आये पदयात्रियों की सुविधा एवं सहयोग हेतु नमो सुविधा केंद्र में उपस्थित होकर सेवा कार्य करेंगे।

■ पदयात्रियों को नि :शुल्क दवाईयां मिलेगी और होगा उपचार

इस केंद्र का उद्देश्य नवरात्रि के दौरान पदयात्रियों को निःशुल्क सेवाएँ प्रदान करना है। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा की नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठन और व्यावसायिक संगठन मिलकर पदयात्रियों के लिए सेवा केंद्र स्थापित करते हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी दंतेवाड़ा ने भाजपा कार्यालय चितालंका दंतेवाड़ा में नवरात्री के प्रथम दिन सेवा केंद्र का शुभारंभ किया।

यहाँ पदयात्रियों को नवरात्री के पावन पर्व के पूरे नव दिन निःशुल्क भोजन,शुद्ध पेय जल, फल एवं विश्राम करने की सुविधा प्राप्त होगी। दंतेवाड़ा आ रहे पदयात्रियों की सुविधा हेतु शुद्ध पेय जल एवं फल वितरण करने हेतु वाहन को हरी झंडी दिखा कर उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने शुभारंभ किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ और बस्तर के निवासियों को नवरात्रि और बस्तर दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पदयात्री सेवा केंद्रों में सेवा कार्य करने वाले सभी संगठनों और लोगों की सराहना की और उन्हें साधुवाद दिया। इस अवसर पर समस्त भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# आयुर्वेद दिवस पर स्टार लगाकर किया मरीजों का उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



10 वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के मौके पर स्टाल लगाकर नये बस स्टेण्ड में मरीजों का उपचार किया। इस दौरान सुबह से शाम तक बीपी, शुगर, बुखार, खांसी सर्दी, जोड़ों में दर्द सहित अन्य बीमारी से ग्रस्त तकरीबन सौ से अधिक मरीज का उपचार किया गया।

आयुर्वेद को आखिरी सहारा नहीं, बल्कि बीमारियों के इलाज का पहला विकल्प बनाना है। इस दिशा में केंद्र सरकार और आयुष मंत्रालय मिलकर काम कर रहें हैं। इसी सोच को दिखाने के लिए 23 सितंबर से शुरू होने वाला 10वां आयुर्वेद दिवस मनाया जा रहा है इस साल की थीम आयुर्वेद फॉर पीपल, आयुर्वेद फॉर प्लानेट है।

आज इसी के तहत बीजापुर बस स्टेण्ड के सामने आयुर्वेद उपचार स्टाल लगाकर लोगों का उपचार किया। जहां बीपी, शुगर, बुखार, सर्दी जुकाम, जोड़ो में दर्द, मौसमी बीमारियो से ग्रस्त सौ से अधिक मरीजों का जांच कर उपचार किया गया गया। प्रभारी अधिकारी डॉ. शिव नारायण मिश्रा नें बताया की यह दिन सिर्फ आयुर्वेद के लिए नहीं, बल्कि बेहतर स्वास्थ्य, पर्यावरण संतुलन और सतत विकास की प्रतिबद्धता भी है। 10वां आयुर्वेद दिवस आयुर्वेद को हर व्यक्ति तक पहुंचाने और वैश्विक स्वास्थ्य में उसकी अहम भूमिका को फिर से मजबूत करने का अवसर है। आयुर्वेद उपचार का प्रभाव अभी से नहीं बल्कि प्राचीन का से चला आ रहा हैं।

### लंबित मांगों को लेकर दिया धरना



दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के आह्वान पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विकास अधिकारी अपनी 9 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि आंदोलन का प्रथम चरण 8 और 9 सितंबर को काली पट्टी लगाकर कार्य निष्पादन के रूप में किया गया था। इसके बाद द्वितीय चरण में 15 सितंबर को बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार करते हुए कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसके बावजूद अब तक मांगे पूरी नहीं हुई हैं। इसी कड़ी में आंदोलन के तृतीय चरण के तहत 23 सितंबर को अधिकारी एक दिवसीय अवकाश लेकर जिला मुख्यालय में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। अधिकारी संघ का कहना है कि यह आंदोलन कर्मचारी एवं किसानों दोनों के हित में है और शासन को अतिशीघ्र उनकी लंबित मांगों को पूरा करना चाहिए।

# मिस टीन इंडिया का शानदार स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

मिस इंडिया छग का ताज अपने सिर पर सजने के बाद नई दिल्ली से वापस लौटी 13 वर्षीय छात्रा पंक्ति बेदरकर का ग्राम करन्दोला भानपुरी में भव्य स्वागत किया गया। ज्ञात हो की 17 सितंबर को देश की राजधानी में बस्तर की बेटी पंक्ति बेदरकर को मिस टीन इंडिया के ताज से नवाजा गया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां को दिया। रात्रि 9 बजे भानपुरी पहुंचने पर बधाई देकर स्वागत करने वालों में पूर्व सरपंच त्रिलोक पार्क, संजय तिवारी, पप्पू खान, गजेन्द्र पानीग्राही, मुन्ना ठाकुर, हेमन्त चोपड़ा, रीतेश तिवारी, अरविंद सोलंकी, शंभू नाग, माया वेद, कमला नाग व रिंकी सोलंकी आदि उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### शपथ पत्र

मै महेन्द्र सिंह जदौन, पिता श्री नरेन्द्र सिंह जदौन, निवासी- 97/4 नादिया नगर, इंदौर म.प्र.-452011 जो निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं कि-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मेरे पुत्र अंशराज जदौन जो कि छत्तीसगढ पब्लिक स्कुल हीरापुर रायपुर छ.ग. में कक्षा नवमी में अध्ययनरत है।
3. यह कि, मेरे पुत्र के उक्त स्कुली दस्तावेजो में मेरे पुत्र का नाम अंशराज जदौन (Anshraj Jadon) दर्ज किया गया हैं। जो कि त्रुटिपूर्ण है।
4. यह कि, मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम अंश राज सिंह जदौन (Ansh raj Singh Jadon) जिसे उक्त स्कुल के दस्तावेजो में दर्ज करवाना चाहता हूं जिस हेतु जो भी नियम एवं शर्ते होगी वह मुझे मान्य है।
5. यह कि, यह शपथपत्र मेरे द्वारा अपने उक्त कथनो के सत्यता के समर्थन में सादर प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

फार्म-अ

### सार्वजनिक सूचना

(अनुसूची नियम-6 का अवलोकन करें)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दीपक कुमार नेताम पिता श्री प्रेमलाल नेताम, उम्र 32 वर्ष, जाति मुरिया, निवासी ग्राम भैसाबेड़ा, तहसील फरसगांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. कविता नाग पिता श्री संतुराम नाग उम्र 28 वर्ष, जाति मुरिया, निवासी ग्राम नारायणपुर तहसील नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग.) के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अध्याय-5 के अधीन अपने विवाह पंजीयन के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह पंजीयन के विरूद्ध आपत्ति करने हेतु कोई भी इच्छुक व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 17.10.2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता को आवेदन/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 17.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा सहित जारी किया गया।

**आगामी पेशी दिनांक 17.10.2025**

(मुहर) विशेष विवाह अधिकारी, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### आर्यभट्ट क्लब, न्यू कामर्स व यंग स्टार ने जीते मैच

**जगदलपुर।** स्व. धीरज डेविड स्मृति 7 ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता में मंगलवार को तीन मैच खेला गया। पहला मैच आर्यभट्ट क्लब विरुद्ध इंदिरा फुटबॉल क्लब के विरुद्ध खेला गया, जिसमें आर्यभट्ट क्लब ने मैच 3-0 से जीत लिया। दूसरा मैच लामनी फुटबॉल क्लब विरुद्ध न्यू कमर्स फुटबॉल क्लब के मध्य खेला गया, जिसमें न्यू कामर्स ने 2-1 से मैच जीता और तीसरा मैच लालबाग फुटबॉल क्लब विरुद्ध यंग स्टार फुटबॉल के मध्य खेला गया, जिसमें यंग स्टार ने 6-0 से यह मैच जीत लिया। मैच के मुख्य निर्णायक आशीष खरे थे और रेफरी राहुल, अनीश और आशीष कुर्रे ने किया। बरसात होने के बावजूद भी बड़ी संख्या में लोग आकर डटे रहे। मंच का संचालन गौरनाथ नाग ने किया। इस दौरान विनीत डेविड, सूर्य कुमार हारून, राजकमल हारून, जितेंद्र फाउलर सिंह, प्रीतीश जेकब, विजयसील सुता, राजेश क्लाव, राज किशोर हारून, कातो पानी, सूर्या कोण्डागांव, अब्दुल, विनय शर्मा, जगतार सिंह, सूर्या पानी और याकूब जान भी उपस्थित थे। बुधवार को 3 मैच खेले जाएंगे, जिसमें पहला मैच फुटबॉल अकैडमी क्लब विरुद्ध ब्लैक डॉग क्लब के मध्य, दूसरा मैच मदर टेरेसा फुटबॉल क्लब विरुद्ध न्यू कमर्स क्लब और तीसरा मैच छात्रावास धरमपुरा विरुद्ध यंग स्टार (अ) क्लब के मध्य खेला जाएगा। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी अनिमेष दास एवं जान नाथ द्वारा दी गई।

### मनोकामना पदयात्रा दल दंतेवाड़ा रवाना



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को पूरा करने के लिए एक अनोखी पहल की है। 33 दिनों तक चली प्रदेशव्यापी हड़ताल के समापन के बाद, तीन जांबाज कर्मचारी तुमेश्वर गजभिए (पिंटू), वाल्मीकि मिश्रा और संदीप ने अपनी मांगों की पूर्ति और मनोकामनाओं के लिए पदयात्रा शुरू की है। सोमवार की शाम 8 बजे तीनों कर्मचारी दंतेश्वरी मंदिर से दंतेवाड़ा के शक्तिपीठ के लिए रवाना हुए। वे लगभग 84 किलोमीटर की यह पदयात्रा दंतेश्वरी माई से आशीर्वाद लेने और अपनी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की प्रार्थना के उद्देश्य से कर रहे हैं। पदयात्रा कर्मचारियों के दृढ़ संकल्प और उनकी मांगों के प्रति समर्पण को दर्शाती है। संघ की जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जंगले ने बताया कि एनएचएम के कर्मचारी अपनी नियमितीकरण, वेतन वृद्धि और अन्य सुविधाओं की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत हैं। इस पदयात्रा को उनकी उम्मीदों और विश्वास का प्रतीक माना जा रहा है कि मां दंतेश्वरी उनके संघर्ष में उनका साथ देंगी।

## एथलेटिक्स में बालक बालिकाओं ने दिखाया दमखम...





**जगदलपुर।** धरमपुरा के क्रीड़ा परिसर में आयोजित 4 दिवसीय 25वें राज्यस्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिनमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वालों के नाम सूची में दर्ज किए गए। मिनी बालक वर्ग 14 वर्ष में 100 मीटर दौड़ में सरगुजा के अरमान टोप्पो प्रथम रहे। 400 मीटर में दुर्ग के रोशन चौहान, 600 मीटर में भी दुर्ग के रोशन चौहान अव्वल रहे। 80 मीटर बाधा दौड़ में बस्तर का रोशन कुमार उरसा, उंची कूद में बस्तर का लक्ष्मण हपका, गोला फेंक में बस्तर का सियाराम वड्डे तथा तवा फेंक में सरगुजा के सत्यनारायण सिंह प्रथम रहे। वहीं मिनी बालिका वर्ग 14 वर्ष में 100 मीटर दौड़ में बस्तर की सुनिता प्रथम, 400 मीटर में दुर्ग की वंदना पाल, 600 मीटर में भी दुर्ग की वंदना पाल, 80 मीटर बाधा दौड़ में बस्तर की ममता उसेंडी, उंची कूद में सरगुजा की पूनम राजवाड़े, गोला फेंक में बस्तर की मोनिका तथा तवा फेंक में सरगुजा की उमंग सहि प्रथम रही। वहीं जूनियर 17 वर्ष और सीनियर 19 वर्ष में भी बालक और बालिका वर्ग के प्रतियोगिताओं में प्रथम 3 स्थानों पर आने वालों का समय और नाम दर्ज किया गया।

### कार्यशाला में चेंबर आफ कामर्स, परिवहन संघ, व्यापारी एवं नागरिक बने सहभागी

# जीएसटी 2.0 से आमजन को मिलेगा सीधा लाभ : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी का आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफार्म कार्यशाला का संभाग स्तरीय आयोजन मंगलवार को टाउन हॉल में किया गया। कार्यशाला में केन्द्र सरकार

- **देश को सशक्त बनाने ऐतिहासिक निर्णय, प्रधानमंत्री का माना आभार**

द्वारा किये गये जीएसटी सुधार पर विस्तृत चर्चा की गयी और जीएसटी 2.0 को आमजनता को राहत देने व भारत को आत्म निर्भर व सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया गया। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र हित निर्णय का अभिनंदन करते हुये आभार व्यक्त किया




गया। किरण देव ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों को साथ लेकर लिया है। जिसे साकार रूप देने की दिशा में दृढ ईच्छा शक्ति के साथ बड़े निर्णय लिये जा रहे हैं। ऐसा ही ऐतिहासिक निर्णय जीएसटी रिफार्म 2.0 प्रधानमंत्री ने लिया है। जो न केवल देश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूती देगा बल्कि देश की आमजनता को राहत देने का बड़ा कदम है। रोजमर्रा की जरूरत की चीजो की कीमतों में भारी कमी का सीधा लाभ करोड़ों मध्यम वर्ग परिवारों को मिलेगा। खरीददारी बढ़ने से बाजार में तेजी आयेगी, जिससे व्यापारी वर्ग लाभान्वित होगा। जीएसटी 2.0 से किसानों को लाभ मिलेगा, मेडिकल क्षेत्र में राहत आमजन को मिलेगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश सशक्त हो रहा है।

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक लाभ चंद बाफना ने विस्तार से जानकारी दी। बस्तर चेंबर आफ कामर्स अध्यक्ष श्याम सोमानी ने जीएसटी रिफार्म को वन नेशन वन टैक्स को साकार करने का निर्णय बताते कहा आमजन सहित व्यापारियों, किसानों सभी को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के जीएसटी सुधार निर्णय का अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया। कार्यशाला को ऋषि हेमाणी,मनीष मूलचंदानी, मोनिका श्रीधर ने भी संबोधित किया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता टेकेश्वर जैन ने स्वदेशी को अपनाने की बात रखते हुये हर घर स्वदेशी- घर घर स्वदेशी के स्वप्न को साकार करने जोर दिया। संचालन जिला मंत्री नरसिंह राव व आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र पाण्डेय ने किया।

**ये रहे मौजूद**

कार्यशाला में जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, विधायक विनायक गोयल, जिपं अध्यक्ष वेदवती कश्यप, पी जयंत राव नायडू, अमरीक सिंह, नवरतन जलोटा, विमल बोथरा, अरुण त्रिपाठी, राजकुमार दण्डवानी,अश्विन सरडे, विद्याशरण तिवारी, रुप सिंह मण्डावी,महापौर संजय पाण्डेय, खेम सिंह देवांगन, श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओझा, रजनीश पाणिग्रही, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी,प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, शशिनाथ पाठक, सुधा मिश्रा, दशरथ गुप्ता, योगेश शुक्ला, विक्रम सिंह यादव, संजय चंद्राकर, अतुल सिम्हा, दिगम्बर राव, संतोष बाजपेयी,ब्रिजेश शर्मा सहित प्रबुद्धजन, व्यापारीगण, नागरिक मौजूद रहे।

# उपभोक्ता को बीमा कंपनी देगी 5 लाख की क्षतिपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा एक प्रकरण रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर द्वारा

- **जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश**

आवेदक को वाहन क्षतिग्रस्त होने पर 5 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति और मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रूपए पृथक दिया जाएगा। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुकमा निवासी नरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा स्वयं की किया-सेल्टोस कार का बीमा रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर के माध्यम से करवाया गया था। आवेदक की उक्त वाहन एक सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई थी। आवेदक द्वारा पुलिस थाने एवं बीमा कंपनी को विधिवत सूचना दिए जाने के पश्चात आवश्यक दस्तावेजों सहित बीमा कंपनी के समक्ष क्षति दावा प्रस्तुत किया गया था। इस पर बीमा कंपनी के सर्वे द्वारा उक्त वाहन का सर्वे कर क्षति का आंकलन किया गया था। बीमा कंपनी द्वारा आवेदक का बीमा दावा संदेह की परिधि में आने, परिवादी द्वारा दस्तावेज प्रस्तुत न करने एवं दुर्घटना की सूचना विलंब से दिए जाने का आक्षेप लेते हुए आवेदक का बीमा दावा निरस्त कर दिया गया था। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग की समक्ष शिकायत पेश की गई थी, इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि बीमा कंपनी यह प्रमाणित करने में असफल रही है कि घटना संदेह की परिधि में आती है। आवेदक द्वारा बीमा कंपनी को आवश्यक दस्तावेज प्रदान किए गए थे इसके उपरांत भी बीमा कंपनी द्वारा क्षति दावा निरस्त कर सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण किया गया है। इस हेतु बीमा कंपनी को आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति राशि पृथक से प्रदान किए जाने का आदेश पारित किया गया है।

## दुर्गोत्सव पर सजा पण्डाल...




**जगदलपुर।** संजय बाजार दुर्गोत्सव समिति द्वारा बाजार परिसर में स्थापित दुर्गा प्रतिमा एवं विशाल पंडाल।

### विधायक ने मुख्यमंत्री का माना आभार

**जगदलपुर।** 10 नये विधुत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम बनाये जाने पर प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नये विधुत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के गठन से प्रदेश के जनता को समस्याओं के निराकरण में सुविधा होगी। इसका गठन करने का उद्देश्य उपभोक्ताओं की विधुत से संबंधित शिकायतों का निराकरण जल्द से जल्द हो। पूर्व में छत्तीसगढ़ राज्य में विधुत वितरण कंपनी के 3 विधुत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम रायपुर,बिलासपुर एवं जगदलपुर एवं भिलाई इस्पात संयंत्र की टाउनशिप के लिए जिंदल स्टील लिमिटेड की टाउनशिप हेतु क्रमशः भिलाई एवं रायगढ़ ने विधुत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम कार्यरत था।

# अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अवैध शराब की बिक्री की सूचना पर कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से

- **हजारों रूपए की किंगफिशर बीयर बरामद**
- **ग्राहक का कर रहा था इंतजार तभी पुलिस ने दबोचा**

हजारों रूपए की शराब जब्त किया है।



शराब तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में कार्रवाई के लिए टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति नयामुंडा रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड कन्नू गली रोड के पास खड़ा है तथा अपने पास रखे प्लास्टिक थैला में अंग्रेजी शराब बियर रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस को देखते ही वह भागने का प्रयास करने लगे जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस द्वारा आरोपी घनश्याम सोनानी 28 वर्ष निवासी नयामुण्डा रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड के कब्जे से 14 बॉटल किंगफिशर बीयर 9.100 लीटर किमत 3 हजार 80 रूपए बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के धारा 34.2 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई ललित सिंह नेगी, लोकेश्वर नाग, एएसआई सतीश श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक पवन श्रीवास्तव, आरक्षक होरीलाल आर्मो, कामदेव दर्रो, थानेन्द्र सिन्हा, विजय तिर्की व अजित सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नगर व ग्राम निवेश विभाग के उप संचालक ने जताई आपत्ति

**जगदलपुर।** नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के उप संचालक ने रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट के भूमि की वैधता पर आपत्ति जताई है, लेकिन भूमि राजस्व विभाग, पटवारी अभिलेख, ग्राम पंचायत, तहसीलदार और एसडीएम जगदलपुर के अनुसार यह भूमि पूरी तरह कानूनी और आवासीय विकास के लिए मान्य है। उक्त बातें आईआरडीसी ग्रुप के प्रबंध निदेशक बख्तियार खान इंफ्रा के संचालक बख्तियार खान ने पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि इस मामले में फर्म पहले ही पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन विभाग, सीएसईबी तथा अन्य संबंधित विभागों से एनओसी प्राप्त कर चुकी है। ऑफ लाइन प्रक्रिया से ऑनलाइन प्रक्रिया की ओर बदलाव सीजी आवास के तहत फर्म ने ही शुरू किया था, जिसे एनआईसी और टीएनसीपी रायपुर ने तकनीकी सहयोग दिया। इसके बावजूद स्थानीय टीएनसीपी अधिकारी पुरानी ऑफ लाइन पद्धति पर जोर देकर स्वीकृति में देरी कर रहे हैं।














## गरबा का आयोजन 29 को, मिलेगी फ्री एंट्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के मां दुर्गा चौक में सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति की ओर से इस बार 45वां साल में दुर्गा की स्थापना की गई। यहां हर बार अलग-अलग थीम पर माता को रखा जाता है, इस बार शांति के रूप पर रखा गया है। नौ दिन महिला भजन कीर्तन करती है, अलग-अलग कार्यक्रम भी करवाया जाता है। समिति की कोषाध्यक्ष श्रीमती झरना मोहंती ने बताया कि आगामी 29 सितंबर को गरबा का आयोजन किया जाएगा जो फ्री एंट्री मिलेगी। महिलाओं के लिए भी अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किया जाए रहे हैं, बच्चों के लिए भी कार्यक्रम रखे जाएंगे। यह कार्यक्रम एवं दुर्गा पूजा सार्वजनिक दुर्गा समिति दुर्गा चौक द्वारा ही संचालित किया जाता है। दुर्गा अष्टमी यहां माता के सामने ही शस्त्र पूजा का भी विधान प्रचलित है।





